Printed passenger Tickets at the Platforms of Railway Stations

3004. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that printed passengers tickets are not being supplied in adequate number to the Railway booking offices located at the platforms of various Railway stations, including Asan-sol in Eastern Railway, if so, the reasons therefor;

(b) whether Government are aware of the fact that Booking clerks at these stations have been issuing tickets meant for one destination by defacing the same in ink and writing thereupon the station names for quite some time; if so, the details thereof;

(c) what are the safeguards adopted against such eventualities; and

(d) the reasons for not supplying ade quate printed tickets to the offices where passenger booking is done manually?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) No, Sir. Adequate stock of printed card tickets is supplied to the Railway station's as per requirement based on periodical assessment.

(b) No such complaint has been re-ceived.

(c) and (d) Do not arise.

गुजरात में रेल परियोजनायें

3005. श्री रामसिंह राठवा : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कौन-कौन सी रेल परियोजनायें शुरू की गयी थी ;

(ख) उन्हें किस वर्ष में पूरा किया गया और उन पर कितनी लागत आयी ;

(ग) ये परियोजनायें किस तरह के कार्य और किन-किन क्षेत्रों से संबंधित हैं ;

(घ) क्या यह सच है कि गुजरात से संबंधित परियोजनाओं के निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है ;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(च) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गुजरात से संबंधित किन-किन रेल परियोजनाओं को हाथ में लेने का विचार है और उन पर कितनी लागत आयेगी तथा उन्हें किस वर्ष में पूरा किया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिये)

(घ) जी नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

(च) अभी तक आठवीं योजना के प्रस्तावों को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।